foreign Embassies, who are well versed in Sanskrit literature and if so, their number ?

THE PRIME MINISTER, MINISTER OF ATOMIC ENERGY, MINISTER OF PLANNING AND MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRIMATI INDIRA GANDHI) : (a) and (b). Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

हिंडन नदी (गाजियाबाद) के निकट भूमि

3901. श्री प्रकाशवीर शास्त्री : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रतिरक्षा मंत्रालय की गाजियाबाद में हिंडन नदी के किनारे पर स्थित भूमि कई वर्षों से बेकार पड़ी है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस भूमि का कुछ भाग प्रति वर्ष पट्टे पर दिया जाता है ;

(ग) क्या एक गोशाला के विकास के लिये इस भूमि को दीर्घकालीन पट्टे पर दिये जाने के लिये कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है ; और

(घ) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या निर्णय किया है ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) और (ख). गाजियाबाद राईफल रेंज के नाम से विख्यात सरकारी सम्पत्ति भूमि का एक हिस्सा, 1953 मे गाजियाबाद की श्री कृष्ण गोशाला को पट्टे पर दिया गया है। राईफल रेंज का शेष हिस्सा रक्षा उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल होता है। यह राईफल रेंज दिल्ली से गाजियाबाद जाने वाली रेलवे लाईन के दक्षिण में स्थित है।

(ग) जी, हां।

(घ) मामला विचाराधीन है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रकाशित साहित्य के हिन्दी संस्करण का प्रकाशन

3902. श्री नागेश्वर द्विवेदी : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उनके मंत्रालय द्वारा जो साहित्य प्रकाशित किया जाता है, उस के हिन्दी संस्करण प्रकाशित करने के लिये क्या प्रबन्ध किये गये हैं ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : इस मंत्रालय के प्रकाशन प्रभाग द्वारा जो साहित्य प्रकाशित किया जाता है उसके हिन्दी संस्करण प्रकाशित करने के लिए प्रकाशन प्रभाग में एक हिन्दी स्कन्ध है जो कुछ कर्मचारियों द्वारा साहाय्यित एक उप निदेशक के अधीन है। सम्पूर्ण गांधी वांगमय एकक में भी इसी प्रकार की व्यवस्था है।

पंच वर्षीय योजना, खाद्य, परिवार नियोजन, बचत आदि जैसे राष्ट्रीय अभियानों मे सम्बन्धित विस्तृत वितरण के लिए जो साहित्य होता है वह सारा इस मंत्रालय के विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय द्वारा हिन्दी में (अन्य प्रत्येक प्रादेशिक भाषा में भी) प्रकाशित किया जाता है। इस प्रयोजन के लिए वहां अपेक्षित सम्पादकीय कर्मचारी हैं।

भारत के समाचार-पत्रों के रजिस्ट्रार के वार्षिक प्रतिवेदन के भाग 1 का हिन्दी संस्करण "भारतीय समाचार-पत्र" हर साल प्रकाशित किया जाता है।

आकाशवाणी की कार्यक्रम पत्रिकाएं हिन्दी, अंग्रेजी और कुछ प्रादेशिक भाषाओं में प्रकाशित की जाती हैं।

RESEARCH IN CHILDREN'S FILMS

3903. SHRI CHANDRA SHEKHAR SINGH : Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) whether there is any proposal to set up a workshop in the country